Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 46 | सोमवार, 16 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

# भारत ने पाकिस्तान को चटाई धूल



नई दिल्ली।

भारत ने पाकिस्तान पर दबदबा बरकरार रखते हुए टी20 विश्व कप का मुकाबला अपने नाम कर लिया है। पाकिस्तान की हार इतनी बड़ी रही कि उसकी टीम अंक तालिका में अमेरिका से भी नीचे खिसक गई है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने कोलंबो में खेले गए मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को 61 रनों से हराया। भारत ने ईशान किशन के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। भारत के लिए ईशान किशन ने अर्धशतक लगाया। पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। यह भारत की टी20 में पाकिस्तान के खिलाफ रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। पाकिस्तान की हार इतनी बड़ी रही कि टीम ग्रुप ए की अंक तालिका में अमेरिका से भी नीचे आ गया है। पाकिस्तान की टीम तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर खिसक गई है, जबकि अमेरिका की टीम चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर आ गई है। पाकिस्तान को अगर सुपर आठ के लिए क्वालिफाई करना है तो उसे हर हाल में नामीबिया के खिलाफ मैच जीतना होगा। भारतीय टीम लगातार तीन मैच जीतकर सुपर आठ में पहुंच गई है। भारत ने अमेरिका को हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत की थी। इसके बाद नामीबिया को मात दी थी। अब कोलंबो में पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत दर्ज कर छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। अब उसका ग्रुप चरण में आखिरी मैच नीदरलैंड से 18 फरवरी को होगा। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत झटके के साथ हुई। शुरूआती दो ओवरों में ही टीम के तीन विकेट गिर गए। पहले ओवर में हार्दिक पांड्या ने साहिबजादा फरहान को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद पारी का दूसरा ओवर फेंकने आए बुमराह ने सईम अयूब (6) और कप्तान सलमान अली आगा (4) को पवेलियन की राह दिखाई। पाकिस्तान के लिए इस मैच में उस्मान खान ने सर्वाधिक 44 रनों की पारी खेली जबकि सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। भारत के लिए हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और तिलक वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की।

## राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार
## अमेरिकी ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री से पूछे पांच सवाल



नई दिल्ली।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका से हुए अंतरिम ट्रेड डील के खिलाफ अपने तेवरों में किसी तरह की नरमी नहीं लाने का इरादे साफ करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पांच सवाल पूछे। साथ ही कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील के नाम पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर कहा कि "मैं प्रधानमंत्री से कुछ आसान सवाल पूछना चाहता हूं। पहला डीडीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टीलर्स ग्रेन खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?" दूसरा सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? कांग्रेस नेता ने पीएम से तीसरा सवाल किया कि जब आप अतिरिक्त उत्पाद" कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

## पाकिस्तान की जेल में इमरान खान की आंख की जांच, 85% रोशनी खोने की शिकायत!

नई दिल्ली।



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आंखों में समस्या होने के बाद डाक्टरों की एक टीम ने रविवार को जांच की। हालांकि, उनकी पार्टी ने इस जांच को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के एक वकील ने खान की स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए गुरुवार को उनसे मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार, खान ने अपनी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत दृष्टि खोने की शिकायत की थी। कोर्ट ने अधिकारियों को 16 फरवरी से पहले 73 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से नेता बने खान की विस्तृत चिकित्सा जांच कराने का आदेश दिया था।

## यूपी विधान सभा में आज से शुरू होगी बजट पर चर्चा, विपक्ष की आलोचना का सीएम योगी देंगे जवाब

लखनऊ।

विधानमंडल सत्र के तहत सोमवार से विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा शुरू होगी। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना पहले विधायकों को बजट पर बोलने का मौका देंगे। बजट चर्चा दो-तीन दिन चलने की संभावना है। विपक्षी दलों के नेताओं के बाद अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बजट को लेकर विपक्ष की आलोचना का जवाब देंगे। सोमवार को प्रदेश सरकार उच्च



शिक्षा से जुड़े दो विधेयक भी विधान सभा से पारित कराएगी। सरकार ने गुरुवार को विधान सभा में दो राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 पेश किया था। शाहजहांपुर और भदोही में राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए सरकार अध्यादेश पहले ही ला चुकी है। इसी से जुड़े ये प्रतिस्थानी विधेयक हैं जिन्हें सरकार सोमवार को विधान सभा में पारित कराएगी। वहीं, विधान परिषद में सोमवार को मुख्यमंत्री राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देंगे।

## 'मन की बात' पर शोध के लिए पत्रकार हरीश चंद्र बर्नवाल को मिली डॉक्टरेट की उपाधि, जेपी नड्डा ने किया सम्मानित



नई दिल्ली।

> बर्नवाल का यह शोध कार्य अकादमिक जगत में अपनी तरह का पहला शोध है

वरिष्ठ पत्रकार हरीश चंद्र बर्नवाल को रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो प्रसारण 'मन की बात' पर उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डाक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह मानद उपाधि उन्हें फरीदाबाद स्थित मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च एंड स्टडीज के दीक्षा समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा प्रदान की गई। डा. बर्नवाल ने प्रोफेसर डा. कुमार राजेश के मार्गदर्शन में "सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का विश्लेषण विषय पर अपना शोध पूरा किया। बर्नवाल का यह शोध कार्य अकादमिक जगत में अपनी तरह का पहला शोध है। उनका शोध यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस प्रकार गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण को एक जन आंदोलन में परिवर्तित किया और आम लोगों की भागीदारी को भी सुगम बनाया।

## ट्रेड डील पर बोले पीएम मोदी

# यूपीए के आर्थिक कुप्रबंधन से टूटती थीं डील, अब आत्मविश्वास से भरा है भारत

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हालिया व्यापार समझौते अधिक प्रतिस्पर्धी घरेलू उद्योग, आत्मविश्वास से भरपूर दृष्टिकोण और खुले विचारों का नतीजा हैं। व्यापार समझौतों की बात करने से पहले यह याद करना अहम है कि देश एक दशक पहले कहां खड़ा था।

पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उसके आर्थिक कुप्रबंधन के कारण भारत व्यापार वाताओं में मजबूती से अपना पक्ष नहीं रख सका और एक भी बातचीत निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। प्रधानमंत्री ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में ट्रेड डील, आम बजट, रक्षा सुधार, विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका से लेकर अगले तीन दशकों के लिए अपनी तीन शीर्ष प्राथमिकताएं भी गिनाईं। मोदी ने कहा कि भारत ने आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, ईयू और अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते किए हैं, उनसे एमएसएमई के लिए, खास तौर पर श्रम-प्रधान क्षेत्रों में, इन देशों में लगभग शून्य शुल्क या अन्य देशों की तुलना में काफी कम शुल्क पर वस्तुओं के निर्यात के रास्ते खुल गए हैं। पिछली संप्रग सरकार ने अपने शासनकाल में कुछ व्यापार समझौते करने की कोशिश की, लेकिन यह यात्रा अनिश्चितता और अस्थिरता से भरी रही। मुख्यतः उनके आर्थिक कुप्रबंधन के कारण भारत मजबूती के साथ अपना पक्ष नहीं रख सका। उन्होंने बातचीत को निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए अनुकूल माहौल नहीं बनाया। बातचीत शुरू होती और फिर ठप पड़ जाती थी और कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाता था। सत्ता में आने के बाद हमने नीति-आधारित शासन के जरिये आर्थिक पुनरुत्थान किया, आर्थिक ढांचे को मजबूत किया और एक नियम-आधारित प्रणाली का निर्माण किया।

## पीरागढ़ी हत्याकांड का मुख्य आरोपी कमरुद्दीन 14 दिन की न्यायिक हिरासत में, पुलिस को मिले अहम सुराग

पश्चिमी दिल्ली।



बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में हुए तिहरे हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपित कमरुद्दीन को रविवार को दिल्ली पुलिस ने रोहिणी कोर्ट के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था।

पांच दिनों की पुलिस रिमांड अवधि पूरी होने के बाद अदालत ने अब आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पिछले पांच दिनों की पूछताछ के दौरान कमरुद्दीन से कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल हुई हैं। पुलिस अब इन जानकारियों और हत्या से जुड़ी कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जांच अभी प्राथमिक चरण में है। यदि नए तथ्य या सबूत सामने आते हैं तो ऐसी स्थिति में पुलिस कानून सम्मत प्रक्रिया के तहत अदालत से कमरुद्दीन की दोबारा पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है।

# 16 फरवरी का मौसम: उत्तर भारत में बदलेगा मौसम का मिजाज

नई दिल्ली।

> वहीं, 16 और 17 फरवरी को निकोबार आइलैंड्स में आंधी–तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। इसके अलावा 17 और 18 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में कहीं–कहीं बारिश के साथ आंधी–तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। 18 से 19 फरवरी को मध्य प्रदेश में भी गरज–चमक की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते 17 और 18 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाएगा।

देश के अधिकांश हिस्सों में अचानक बढ़े तापमान के कारण ठंड बहुत कम हो गई है। सुबह और शाम के वक्त ही ठंड का एहसास हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज से 18 फरवरी तक 7 राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में मौसम करवट बदलने वाला है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश/बर्फबारी और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बारिश और गरज के साथ बारिश ला सकता है। मौसम विभाग के पूवानुमान के मुताबिक, 17-19 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं-कहीं बारिश/बर्फबारी की संभावना है।



## संपादक की कलम से

# युद्ध की हवाई पट्टी

प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में, पूर्वोत्तर की, प्रथम आपात हवाई पट्टी पर सी–130 जे विमान से लैंडिंग की, तो वह प्रथम विश्व नेता, प्रथम शासनाध्यक्ष बन गए। यह कीर्तिमान बड़ी उपलब्धि है, बहुअर्थी है। हमारे राफेल, सुखोई–30 और तेजस लड़ाकू विमानों ने भी आपात हवाई पट्टी को छुआ और फिर वे उड़ गए। यह 40 मिनट का युद्धाभ्यास वहां से 200 किलोमीटर दूर चीन ने भी देखा होगा और विश्व के कई देश चौकन्ने हुए होंगे! प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई पट्टी का औपचारिक उद्घाटन किया और वह युद्धाभ्यास के साक्षी भी बने। दुनिया के सर्वप्रथम प्रधानमंत्री की यह लैंडिंग सिर्फ चुनावी, राजनीतिक नेरेटिव ही नहीं है, बल्कि यह युद्धाभ्यास हमारी रक्षा तैयारियों, सामरिक शक्ति, प्रौद्योगिकी सक्षमता और बेशक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच का प्रदर्शन भी है। आत्मनिर्भर भारत की अभिव्यक्ति भी है। यह वायु रक्षा मोचेर्बंदी और आपात हवाई पट्टी इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि युद्ध की शैली बदलती जा रही है। अब दुश्मन सबसे पहले वायुसेना बेस, अड्डों और ठिकानों पर हमले कर दुश्मन देश की वायुसेना को विकलांग करता है। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेसों पर हमले कर उन्हें ध्वस्त कर दिया था। एयरबेसों में गहरे गड्ढे कर दिए थे। बहुत कुछ मिट्टी–मलबा हुआ था। बताया जाता रहा है कि हमारे विमानों ने दुश्मन के 9 एयरबेस, रडार, अवॉक्स सिस्टम आदि ऐसे तबाह किए थे कि वहां से वायुसेना ऑपरेशन को करना और एयरबेस को युद्ध के लिए हमलावर बनाने में लंबा वक्त लगेगा। हालांकि चीन के साथ हमारे संबंध बदल और सुधर रहे हैं, लेकिन चीन एक प्रतिद्वंद्वी, अविश्वसनीय देश रहा है, लिहाजा भारत में ही सत्ता और सियासत का एक वर्ग उसे ह्यदुश्मन नंबर वनह्ण मानता रहा है। बहरहाल 4.2 किमी लंबी यह हवाई पट्टी, राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर, 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई है। इस पर 40 टन के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे। यहां से 74 टन के परिवहन विमान भी ऑपरेट किए जा सकेंगे। युद्ध या किसी भी आपात स्थिति में बचाव और सैन्य ऑपरेशन तुरंत संभव हो सकेंगे। उप्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भी आपात हवाई पट्टी बनाई गई थी। वहां भी प्रधानमंत्री ने लैंडिंग की थी। दरअसल ऐसी सामरिक तैयारियां दशार्ती हैं कि भारत में रक्षा उत्पादन और सैन्य रणनीति की दुनिया ही बदल चुकी है। बेशक 2026–27 के बजट में 7.85 लाख करोड़ रुपए रक्षा मंत्रालय को आवंटित करना एक राष्ट्रीय, सालाना औपचारिकता हो सकती है, लेकिन भारत का अपना रक्षा उत्पादन 2024–25 में 1.54 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहा, जो एक कीर्तिमान है और 2014–15 की तुलना में 174 फीसदी अधिक है। भारत ने 23622 करोड़ रुपए के ब्रह्मोस मिसाइल, डोर्नियर–228 विमान, बुलेटप्रूफ जैकेट, चेतक हेलीकॉप्टर, हल्के टॉरपीडो, इंटरसेप्टर नौकाएं और गोला–बारूद आदि 100 से अधिक देशों को निर्यात किए हैं। अमरीका और फ्रांस सरीखे देश भी हमारे रक्षा–सामान के खरीददार हैं। क्या यह सामरिक रूप से आत्मनिर्भर होते भारत का बिंब नहीं है? युद्धाभ्यास में जिस तेजस लड़ाकू विमान ने भी हिस्सा लिया, वह स्वदेशी, भारतीय विमान है। अब देश में राफेल लड़ाकू विमान के 60 फीसदी कल–पुरजे, उपकरण आदि का निर्माण और उत्पादन भी भारत में ही होगा। यह फ्रांस के साथ 114 राफेल विमानों के नए करार में निहित है, लिहाजा 96 राफेल विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। शेष 18 विमान फ्रांस से निर्मित होकर आएंगे। भारत ने 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाने और निर्यात को 50,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। इस बार बजट में 2.19 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत बजट भी रखा गया है, ताकि हथियारों, मिसाइलों, विमानों, ड्रोन और सेनाओं की अन्य शक्तियों आदि का पर्याप्त आधुनिकीकरण किया जा सके।



ललित शर्मा
संपादक

# आओ भारतीय भाषाओं को विलुप्त होने से बचाएं

भारत देश संस्कृति, भाषाओं, उपनिषद साहित्य से पिरोई ऐसी खुबसूरत माला है जो वैश्विक रूप से अनमोल है इस भारतीय विरासत को देखने हजारों की संख्या में सैलानी भारत आते हैं और यह भारतीय खूबसूरती विश्व प्रसिद्ध हैं। साथियों इस भारत रूपी माला में पिरोए मोतियों में से भाषा एक अनमोल मोती है।

साथियों बात अगर हम भाषा की करें तो, भाषा, मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों आदि का वह समूह है, जिनके द्वारा मन की बात बताई जाती है।किसी भाषा की सभी ध्वनियों के प्रतिनिधि स्वर एक व्यवस्था में मिलकर एक सम्पूर्ण भाषा की अवधारणा बनाते हैं।सामान्यतः भाषा को वैचारिक आदान-प्रदान का माध्यम कहा जा सकता है। साथियों बात अगर हम भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची की करें तो, इसमें 22 भाषाएँ तो आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं ही पर यदि सब गिनी जाएँ तो हमारे देश में 30 से अधिक भाषाओं के साथ 100 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएँ भी हैं।अनुसूचित भाषाएं 1) असमिया, (2) बंगला, (3) बोड़ो, (4) डोगरी, (5) गुजराती, (6) हिंदी, (7) कन्नड़, (8) कश्मीरी, (9) कोंकणी, (10) मैथिली, (11) मलयालम, (12) मणिपुरी, (13) मराठी, (14) नेपाली, (15) उड़िया, (16) पंजाबी, (17) संस्कृत, (18) संथाली, (19) सिंधी, (20) तमिल, (21) तेलुगू और (22) उर्दू।

साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा की करें तो, यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।जो हमारे पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ कीराजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है।संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एकविशेष स्थान है।



गोंदिया

इसके लिए उन्होंने अपना और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत के मुख्य न्यायाधीश का उदाहरण दिया कि, इन चारों ने अपनी–अपनी मातृभाषा में विद्यालय की शिक्षा प्राप्त की और इसके बावजूद बहुत उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन हुए।उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को अधिक से अधिक भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करें, इसकी शुरूआत अपनी मातृभाषा में एक मजबूत नींव के साथ करें।लोगों से अपनी मातृभाषा को बोलने में गर्व महसूस करने का आग्रह करते हुए श्री नायडु ने कहा कि दैनिक जीवन में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल में हीनता की भावना नहीं होनी चाहिए।आज भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने और उन्हें बदलते समय के अनुकूल बनाने के लिए अभिनव तरीकों के साथ आगे आने का आह्वान किया, यह देखते हुए कि भाषा एक स्थिरअवधारणा नहीं है, उन्होंने भाषाओं को समृद्ध करने के लिए एक गतिशील और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। अत :अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण करना जरूरी है।क्योंकि भाषा यह संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है और भारतीय भाषाएं भारत की माला में पिरोए मोती हैं जिसके प्रकाश से भारत आज विश्व में जगमग आ रहा है

साथियों बात अगर हम सभी अनुसूचित और गैर-अनुसूचित भाषाओं की करें तो यह भारतीयता की खूबसूरती है कि, इतनी भाषाओं के बीच भारत अपनी खूबसूरती बिखेर रहा है।यह भारतवर्ष के लिए आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि मुख से उच्चारित भाषा के आदान-प्रदान से ही ज्ञान की ज्योत प्रजवलित होती हैं।हमें इन सभी भाषाओं, जो अनुसूचित नहीं भी हैं, उसका संरक्षण करना जरूरी है

साथियों बात अगर हम अंग्रेजी भाषा की करें तो आज के आधुनिक डिजिटलाइजेशन युग में अंग्रेजी बोलचाल का फैशन सा हो गया है, जो मातृभाषा में बात करता है उसे हम पुराने जमाने की सोच का दर्जा देते हैं।हम अपने सामाजिक भाषाओं की विलुप्तता को प्रोत्साहन देने का काम करते हैं जिसे रोकना होगा।क्योंकि हमारे भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक प्रशानिक व्यक्तित्व की प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में ही हुई है। इसलिए भारतीय भाषाएं भारत रूपी माला में पिरोए वह मोती हैं जिसके प्रकाश से ही आज भारत विश्व में जगमगा रहा है।इसलिए भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण जरूरी है।

साथियों बात अगर हम भारतीय भाषाओं के संरक्षण में माननीय उपराष्ट्रपति के एक भारतीय भाषादिवस के अवसर पर वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी की प्रेसविज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने इसका उल्लेख किया कि भाषा न केवल हमारी पहचान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है।इसके लिए, उन्होंने प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में होने की जरूरत को रेखांकित किया, जिसकी परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई है और आखिरकार उच्चतर व तकनीकी शिक्षा तक इसे विस्तारित किया जाना है।उन्होंने व्यापक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली में भी सुधार का सुझाव दिया। और कहा, यह आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा और धीरे-धीरे आत्मानिर्भर भारत की राह बनाएगा।भारतीय भाषाओंके इस्तेमाल को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए कुछ उपायों की सूची बनाते हुए, उपराष्ट्रपति ने प्रशासन में स्थानीय भाषाओं के उपयोग, बच्चों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और शहरों व गांवों में पुस्तकालयों की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओंके साहित्यिक कार्यों का अनुवाद करने के लिए और अधिक पहल करने का भी आह्वाहन किया। उन्?होंने इस बात की इच्छा व्यक्त की कि बच्चों को खेल और गतिविधियों के जरिए सरल तरीके से भाषा की बारीकियां सिखाया जाएं।भाषा की जीवंत संस्कृति को बनाए रखने के लिए एक जन आंदोलन की जरूरत है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।भाषा और संस्कृति के बीच गहरे संबंध को देखते हुए, उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए भाषा का इस्तेमाल करने की सलाह दी। और कहा, भाषा संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक है, यह अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है।मातृभाषा को महत्व देने का मतलब अन्य भाषाओं की उपेक्षा नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज किया कि कोई व्यक्ति अंग्रेजी में अध्ययन करने पर ही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।

## उदय किशोर साह



### दर्पण

### कविता

लिखने वाले लिख डालो तुम इस प्रेम पर्वत की कठोर कहानी
जिसकी तलहटी में भटक रहा है युवा वर्ग की अनमोल जवानी
लिखने वाले लिख डालो तुम मजदूर बालक की लाचार कहानी
जिसके तम में गुमनाम हुई शिक्षा अधिकार की हँसीन जवानी

लिखने वाले लिख डालो तुम पर्णकुटी में टपकता वर्षा पानी
जिसके नसीब में भर दी है विधाता बेबस जीवन की रवानी
लिखने वाले लिख डालो तुम बदकिस्मत नारी की जिन्दगानी
प्रताङऩा सहना धोखा खानां फिर क्यूँ मौन है नारी की कुवार्नी

लिखने वाले लिख डालो तुम भूखे पेट की दु:खभरी कहानी
कुहकता भूख तड़पता रूह कैसी है व्यवस्था की मनमनी
लिखने वाले लिख डालो तुम स्वार्थ की है ये सब दीवानी
जिसके जेब में है दौलत सब का है वो एक अपना नाना नानी

लिखने वाले लिख डालो तुम दीन की किस्मत की कहानी
मिहनत वो करता पसीना बहता फिर भी फटेहाल जवानी
लिखने वाले लिख डालो तुम अपना पराया की मेहरवानी
भाई का भाई दुश्मन है कैसी है ये दीवार की ये नादानी

लिखने वाले लिख डालो तुम अन्याय के खिलाफ तानातानी
दीन हीन की फिक्र नहीं है धन कुबेर की देखा अभिमानी
लिखने वाले लिख डालो तुम व्यास्था में बदलाव की कहानी
खुद जीना औरों को जीने देना ऐसा बने समाजं की रवानी

लिखने वाले लिख डालो तुम भ्रष्ट तंत्र की भ्रष्ट मनमानी
कैसे ईलाज हो इस बीमारी की कोई बताये अपनी जुवानी
लिखने वाले लिख डालो तुम चापलुसों की गिरी कहानी
शर्म हया सब धो डाला है क्या है ऐसे मानव की जिन्दगानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रामपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब: शिव भक्ति में सराबोर हुई शिव बारात

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

रामपुर। फाल्गुन की पावन बेला में मिस्टन गंज के मोहल्ला कूचा देवी दास स्थित प्राचीन शिव मंदिर श्री बालाजी दरबार परिसर से भगवान भोलेनाथ की दिव्य शिव बारात बड़े ही धूमधाम, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं कैलाशपति अपने गणों सहित नगर भ्रमण पर निकले हों। शिव बारात का शुभारंभ क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनुपम शर्मा ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके साथ ही शंखनाद, घंटानाद और मंत्रोच्चार के बीच शिव बारात ने मंदिर प्रांगण से प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का तिलक कर आरती उतारी और मंगलकामनाएँ कीं। शिव बारात सब्जी मंडी, ठाकुरद्वारा मंदिर, सनातन धर्म धर्मशाला और मुकुट लाल के मंदिर मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। मार्ग के हर पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने बारात का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूलों की वर्षा, प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था की गई। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। भगवान शिव के स्वरूप में पत्रकार गौरव जैन अत्यंत दिव्य और प्रभावशाली प्रतीत हो रहे थे। जटाधारी रूप, भस्म-विभूति, रुद्राक्ष की मालाएँ और त्रिशूल धारण किए उनका स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। उनके साथ चल रहे शिवगणों और बारातियों के वेश में सजे बच्चों ने कार्यक्रम की छटा को और भी मनोहारी बना दिया। मासूम बच्चों के उत्साह और आस्था ने हर किसी का मन मोह लिया।



शिव बारात केवल एक धार्मिक शोभायात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर सामने आई। यह आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक समरसता का संदेश देता दिखाई दिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि शिव बारात में सम्मिलित होने मात्र से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिव बारात नगर की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। अंत में मंदिर परिसर में महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जहाँ सैकड़ों भक्तों ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर भगवान भोलेनाथ से नगर की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। रामपुर की पावन धरती एक बार फिर शिवमय हो उठी और नगरवासियों के हृदय में भक्ति की ज्योति देर तक प्रज्वलित रही। इस मौके पर वीरेंद्र गर्ग, अशोक कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल , अतुल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अंकित गर्ग, नितिन अग्रवाल, दिव्यांशु गुप्ता, श्याम गुप्ता, राजीव सरन गर्ग, संजय गर्ग, पंकज गर्ग, नितिन गुप्ता, सीए सागर अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# केएम विवि के कुलाधिपति ने किया कृदय-2026 का पोस्टर विमोचन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का छह दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कृदय-2026 16 फरवरी से लेकर 21 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित लोगो कृदय 2026 को विवि परिसर में भव्य व स्मरणीय बनाने हेतु विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने पोस्टर का विमोचन कर विवि के समस्त विभागीय, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु प्रभारी व सहायक नियुक्त किए।

विवि कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि कृदय शब्द भगवान कृष्ण के नाम से है, जो मुख्य रूप से कुछ क्षेत्रीय या भक्तिपूर्ण संदर्भों में पाया जाता है। यह कृष्ण के सबसे प्रिय पहलुओं में से एक को दशार्ता है, केएम विश्वविद्यालय में यह दूसरा आयोजन वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, केएम परिवार के डाक्टर्स, डीन, प्रोफेसर्स, एचओडी, स्टूडेंटस और समस्त सदस्य कृदय 2026 महोत्सव में भारतीय संस्कृति के साथ अपनी कला, और रचनात्मकता का जश्न 16 फरवरी से लेकर 21फरवरी तक विश्वविद्यालय के भव्य प्रांगण में देखेंगे। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि कृदय 2026 के आयोजन में खेल, लिटररी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभागी स्टूडेंट भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप प्रदर्शित करेंगे। विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में अपनी कला का जादू बिखेरेंगे, जिसमें रेजीडेंटस चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राएँ विभिन्न इंवेट कर अपना टेलेंट मंच पर साझा करेंगे, जिसको लेकर कृदय-2026 का पोस्टर विमोचन किया गया है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, मेडीकल सुपीटेंट डा. अभय सूद, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, अस्पताल जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा, आशीष शर्मा, विवि के सभी संकायों के डींस, प्रोफेसर्स, डाक्टर्स, रेजीडेंटस डाक्टर्स, विवि के सभी संकायों के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## नशेड़ियों ने अड़ींग फोड़ा दुकानदार का सर

**मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव अड़ींग में शनिवार रात नशे की हालत में नामजदों ने उधार गुटखा- बीड़ी न देने पर एक दुकानदार को लहू लुहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर मध्यरात्रि युवक का मेडिकल कराया। युवक के सिर में गंभीर चोट आई हैं। पुलिस को दी तहरीर में अड़ींग निवासी मोहित पुत्र महेश चंद्र ने आरोप लगाया है कि वह रात्रि में दुकान बंद करके जा रहा था। दुकान की आधी स्टार खुली थी। तभी गांव के ही मोहन श्याम पुत्र रामबाबू नशे की हालत में आया और बगैर पैसा दिए गुटखा-बीडी देने का दबाव डालने लगा।

# प्रधानमंत्री 16 फरवरी को इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का करेंगे उद्घाटन

**(संतोष कुमार सिंह )**


**वाराणसी :-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे ` इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ किया जाएगा यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा` इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के पवेलियन भी होंगे इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं` इस एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों लोग, ग्रह और उन्नति के आधार पर संरचित किया गया है।

# खाकी की सरपरस्ती में 'दागी' को सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** थाना जैंत पुलिस इन दिनों अपनी 'अजब-गजब' कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बनाई गई पीस कमेटी की बैठक में पुलिस द्वारा एक ऐसे हिस्ट्रीशीटर और नामजद आरोपी को आमंत्रित किया गया है, जिस पर धोखाधड़ी और महिलाओं के साथ बर्बरता जैसे गंभीर आरोप हैं। पुलिस के इस कदम ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आम जनता और शरीफों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है।

?आझई निवासी थान सिंह, जो जैंत थाने के अभिलेखों में धोखाधड़ी



(धारा 420) और मारपीट के कई मामलों में नामजद हैं, पुलिस की मेहरबानी का लुत्फ उठा रहा है। हाल ही में थान सिंह पर एक गर्भवती महिला अधिवक्ता के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज हुआ है। इससे पूर्व थान सिंह और उसके बेटे पर एक हॉस्टल में छात्रा के साथ मारपीट का आरोप लगा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अभी 15 दिन पहले आरोपी के खिलाफ एक अधिवक्ता ने जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# कन्नदासन के को दिल्ली में भारत रत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया

**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली:** रविवार को फेस ग्रुप की तरफ से दिल्ली में हुए भारत रत्न अवॉर्ड सेरेमनी में देश भर के अलग-अलग राज्यों के लोगों को सम्मानित किया गया। साउथ इंडियन सोशल वर्कर कन्नदासन के. को भी भारत रत्न अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी की तरफ से ऑर्गनाइज किए गए भारत रत्न अवॉर्ड सेरेमनी में समाज के हर तबके से ऐसे लोगों को चुना गया जिन्होंने समाज के काम में योगदान दिया है। यह इवेंट सिर्फ.एक अवॉर्ड सेरेमनी नहीं था, बल्कि समाज की एकता,




टैलेंट को पहचानने और भाईचारे का एक मजबूत मैसेज था। इस इवेंट में डॉक्टर, बिजनेसमैन, सिंगर और पॉलिटिशियन समेत कई सेलिब्रिटी शामिल हुए, जो अपने समाज के अच्छे कामों में लगातार योगदान दे रहे हैं। साउथ इंडियन कन्नदासन के. कई सालों से समाज में भाईचारे और इंसानियत के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं।

# मदरसा नजमा लिल बनात में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मदरसा नजमा-लिल-बनात जातेडीहा डुबौलिया में आज इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता एवं वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को सोने की गिन्नी, गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, लैंप एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में अरीश महबूब (मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम), इफरा कमर, मारिया खातून, सिदरतुल मुन्तहा (मदरसा नजमा लिल बनात) तथा फलक परवीन (मदरसा अरबिया रहमिया, दुधारा) को सोने की गिन्नी प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर मुंज़िर जमील, आयशा खातून, नुजहत फिरदौस और नसरीन इरम को गोल्ड मेडल एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं अनाबिया खातून, मुस्फिरा खातून, मरियम जिया, मिस्बाह खातून, मोहम्मद आयशा खातून, जफिया इनायत, राशिदा खातून, रुकैया खातून, निकहत फिरदौस और तरन्नुम फातिमा को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। पांचवें स्थान पर रहीं सना रब्बानी, ऐमन मरज़िया, सहर बानो, नरगिस फातिमा, मोहम्मद आसिम, मिस्बाह खातून, अरीबा खातून, साहिया खातून, शगूफिया, नासिरा और आइजा को लैंप देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार सबीहा खातून, ऐमन मरज़िया, रुकैया खातून, इल्मा खातून, मारिया खातून और सिदरतुल मुन्तहा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार शिफा खातून, हफ्सा खातून, सादिया खातून, मुबश्शिरा खातून, अरीबा खातून और तरन्नुम फातिमा को दिया गया। तृतीय पुरस्कार राशिदा खातून, फरीहा खातून, मदीहा खातून, हुस्ना खातून, नाहिद फातिमा, अफशा परवीन और रुकैया खातून को प्रदान किया गया। मकतब की छात्राओं में सुमैया खातून, बुशरा खातून, आयशा खातून, मारिया खातून, मशय्यदा खातून, अलमास खातून और नुजहत फिरदौस को प्रथम पुरस्कार मिला। सबराना खातून, अलीना खातून, साजिदा खातून, नाइमा खातून, सबीहा खातून और अरीबा खातून को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सायमा खातून, मरियम खातून, मरियम जिया, नुजहत फिरदौस और मारिया खातून को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदरसा के संरक्षक डॉ. अख्तर हुसैन कासमी ने छात्राओं को मेहनत और लगन के साथ शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ अमल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से रमजान के महीने को विशेष अवसर मानते हुए अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मौलाना महमूदुल हसन कासमी, मौलाना जमाल अहमद कासमी, हकीम असद अलीग, हाफिज तौफीक अहमद, मौलाना नूरुल्लाह सहित मदरसा की शिक्षिकाएं बुशरा महमूद, शाजिया खातून, सादिया खातून, शबाना खातून, सालेहा खातून, आलिया खातून, तस्नीम इरम, निकहत फिरदौस, आसमां फिरदौस और गुल अफ्शां खातून उपस्थित रहीं। अंत में मदरसा के नाजिम महबूब आलम नदवी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन मौलाना महमूदुल हसन कासमी की दुआ के साथ हुआ।

# शर्मा परिवार कांवडियो की सेवा में लगा हुआ है



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्त अपनी कावड़ में जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवड़ियों के आवागमन से नगर में बम बम भोले की गूंज व शिव भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। नगर में मंडी समिति के पास सौरभ शर्मा परिवार की ओर से कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें चाय, पकौड़ी, जल, दवाई व प्रसाद वितरण किया जा रहा है। शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। समाजसेवी सौरभ शर्मा ने बताया कि शर्मा परिवार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर कावड ला रहे कांवड़ियों की सेवा में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शर्मा परिवार हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा करता है शिव भक्तों की सेवा करने से भगवान प्रसन्न होते ह इस अवसर पर चरन सिंह ममता देवी, दया शर्मा, अर्जुन शर्मा, गार्गी शर्मा, अरविंद शर्मा, ममता शर्मा, मुकेश शर्मा, रितिका शर्मा, सौरभ शर्मा, कामिनी शर्मा, गौरव शर्मा, नेहा शर्मा, शिखा शर्मा, संजय शर्मा, शारदा शर्मा वरुण शर्मा, देवांश शर्मा, शिखर शर्मा, वंश शर्मा, अविका शर्मा, वंशिका शर्मा, वर्णिका शर्मा, गुंजन शर्मा, शौर्य शर्मा मोनू, राहुल, मनोहर लाल, उमेश कुमार आदि श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा में लगे हुए हैं।

# ताकुला के होल्यार पहुंचे बाबा बागनाथ मन्दिर




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** शिवरात्रि के अवसर पर ताकुला के सात गांव सतराली के होल्यारों की होली बाबा बागनाथ मंदिर पहुंची तथा यहां उन्होंने बाबा बागनाथ मंदिर में अबीर गुलाल चढ़ाया व खड़ी होली गायन किया। परंपरा के अनुसार अल्मोड़ा जिले के ताकुला क्षेत्र के सतराली गांव के तहत आने वाले खाड़ी, झारकोट, लोहना, कांडे, थापला, पनेर गांव, कोतवाल गांव गांव के होल्यार बागेश्वर बागनाथ मंदिर पहुंचे ।होली को लेकर होल्यारों में काफी उत्साह दिखा, मंदिर पहुंचने पर मन्दिर की परिक्रमा की, यहां उन्होंने बाबा बागनाथ में अबीर गुलाल चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित निर्धारित स्थान पर पूजा अर्चना की व होली गायन किया। होली का शुभारंभ शिवजी की होली सिदिध को दाता, विघ्न विनाशन के साथ किया गया। इसके बाद हां जी शंभू तुम बिन क्यों न खेले होरी लला होली गायन किया। इसके अलावा होल्यारों ने कई होलियां गाई। होल्यारों में इतना उत्साह था कि गांव से बाहर हल्द्वानी अल्मोड़ा में रहने वाले क्षेत्रीय लोग भी होल्यार बनकर होली गायन हेतु बागेश्वर पहुंचे थे ।वही हल्द्वानी से वरिस्ठ पत्रकार मनोज लोहनी, सहित अन्य लोग यहां पहुंचकर होली गायन के होल्यारों का उत्साह बढ़ाते हुए होली गायन में होल्यार बनते नजर आए। इस अवसर पर होल्यार जगदीश लोहनी, मनोज लौहनी, बसन्त लोहनी, भाष्कर लोहनी, शंकर तेवारी, शिव शंकर लोहनी, कमल लोहनी, देवेंद्र लोहनी, अनिकेत लोहनी, दीपक चंद, सोनू कर्नाटक आदि उपस्थित थे।

# आगरा में 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाए

आगरा से संवाददाता मयूर खान



**आगरा** में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। आगरा में यह परीक्षाएं 154 केंद्रों पर होगी। इनमें 121922 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। हाईस्कूल में 32556 छात्र और 27815 छात्राएं शामिल हैं, जबकि 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 35415 छात्र और 26136 छात्राएं परीक्षा देंगे। शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र व्यवस्थापक, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट को ब्रीफ किया। डीएम ने सख्त आदेश दिए कि जिले में बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन होनी चाहिए और सेंटर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली तो उसके जवाबदेह केंद्र व्यवस्थापक होंगे। परीक्षा के दौरान छात्राओं की तलाशी के लिए महिला पुलिस कर्मी व शिक्षिकाएं लगाई जाएंगी। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश, शौचालय, पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। 12 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं, ये होगी सुरक्षा अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि 2026 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 को समाप्त होगी। परीक्षाओं के नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराये जाने हेतु आगरा जनपद के 154 परीक्षा केन्द्रों को 06 जोन एवं 15 सैक्टरों में विभाजित किया गया है।

# करेंट से भैंस की मौत



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद।** *मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के करधना गांव (मोमिनपुन) में रविवार की शाम गांव के पास तालाब में पानी से बाहर निकले समय बिजली के खंभे में उतरे करेंट की चपेट में आने से करधना (मोमिनपुर) निवासी दिनेश यादव की भैंस की मौत हो गई ।पशु मालिक द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया ।सूचना पर मिजार्मुराद थाने के एसआई प्रेम कुमार मौके पर पहुंच घटना के बाबत बिजली विभाग के एसडीओ और जेई को घटना की सूचना देने के साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी को बताया ।एसआई प्रेम कुमार ने बताया कि भैंस के शव का पोस्टमार्टम सोमवार को डॉक्टरों के टीम द्वारा किया जाएगा ।वही ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से तालाब के पास बिजली का खंभा लटका हुआ बिजली विभाग में शिकायत भी किया गया है लेकिन उसको ठीक नही किया जा रहा जिसके कारण आज तालाब के पास करेंट उतरने से भैंस की मौत हो गई।

# भव्यता से आयोजित हुआ नीलेश्वर महोत्सव

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** नीलेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान मेंशिवरात्रि पर्व पर नीलेश्वर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएंआयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जूनियर वर्ग की मेहंदी प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने आकर्षक और सुंदर डिजाइन बनाकर निर्णायकों को प्रभावित किया। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में परिधान हाव-भाव नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा परिधान, भाव-भंगिमा और नृत्य कौशल के आधार पर अंक प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों में सिमिया, सेस्या, यशस्वी, अभानु, पलक, चिराग, कृतिका तथा तेजस्वनी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट नेविजेताओ को पुरस्कार बांटे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पारस वर्मा, रवि रस्तोगी, विजय परिहार शामिल रहे। इस मौके पर एडवोकेट बसंत कुमार, कैप्टन भूपेश दफौटी, मनोज जोशी जिलाध्यक्ष यूकेडी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कवि जोशी संरक्षक, नरेश कुमार अध्यक्ष, बबलू, ऋतिक सह सचिव, हेमंती उपाध्यक्ष, हरीश टम्टा, भीम कुमार विवेक कुमार कोषाध्यक्ष, किशन राम आदि मौजूद रहे। संचालन अंकुर उपाध्याय ने किया।

# बीट पुलिसिंग पर दिया जायेगा विशेष ध्यान

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** नवागत पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मेहराने शिवरात्रि पर्व पर ऋषि मार्कण्डेय की तपोस्थली और बाबा बागनाथ का आशीर्वाद लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार ग्रहण बाबा बागनाथ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेते हुए पुलिस कार्यालय में गार्द सलामी ली। जिसके बाद जनपद के वरिष्ठ अधिकारीयों/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर बैठक ली। परिचय प्राप्त करने के उपरान्त प्रेस वार्ता में बतौर पुलिस अधीक्षक उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में बताया ।कहा कि अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों पर शिकंजा, कसने, साइबर फ्राड तथा यातायातव्यवस्था में सुधार की दिशा में और अधिक महत्वपूर्ण कार्य किये जाने को अपनी प्राथमिकता बताते हुए महोदय द्वारा अवगत कराया कि इस दिशा में और अधिक ठोस प्रयास किये जायेंगे तथा बीट पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा रखते हुए उनकी कार्यक्षमता को बढाने की दिशा में प्रयास किये जायेगे ।बताया कि अराजक तत्वों के विरूद्ध जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ।उन्होंने सभी लोगो से जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में मित्र पुलिस को सहयोग करने की अपील की ।इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अजय साह आदि मौजूद थे।


# आगरा में 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं




आगरा से संवाददाता मयूर

**आगरा** में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। आगरा में यह परीक्षाएं 154 केंद्रों पर होगी। इनमें 121922 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे ।हाईस्कूल में 32556 छात्र और 27815 छात्राएं शामिल हैं, जबकि 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 35415 छात्र और 26136 छात्राएं परीक्षा देंगे ।शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र व्यवस्थापक, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट को ब्रीफ किया डीएम ने सख्त आदेश दिए कि जिले में बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन होनी चाहिए और सेंटर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली तो उसके जवाबदेह केंद्र व्यवस्थापक होंगे ।परीक्षा के दौरान छात्राओं की तलाशी के लिए महिला पुलिस कर्मी व शिक्षिकाएं लगाई जाएंगी। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश, शौचालय, पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। 12 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं, ये होगी सुरक्षाअपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि 2026 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 को समाप्त होगी ।परीक्षाओं के नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराये जाने हेतु आगरा जनपद के 154 परीक्षा केन्द्रों को 06 जोन एवं 15 सैक्टरों में विभाजित किया गया है।


# ऐतिहासिक अम्बकेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, लाखों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** अहार स्थित ऐतिहासिक अम्बकेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, शिव भक्तों की लगी लम्बी लम्बी लाइनें पुलिस हुई मुस्तैद महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक अभियान शुरू कर दिया था, लगातार जारी है। विशाल मेला में शिवभक्तों भीड़ उमड़ रही है ।शिव भक्त विधिवत पूजा अर्चना कर मनौती मांग रहे हैं ।बोल बम, बोल बम के जयकारे गूंज रहे है। मंदिर के मुख्य गेट पर कांवड़िए लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं ।अब तक करीब दो लाख कांवड़ चढ़ाए जाने का अनुमान है। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। और शांति पूर्वक माहौल बना हुआ है ।शिव भक्त जलाभिषेक करने के बाद अपने अपने घरों को सकुशल लौट रहे हैं। इस बार महाशिवरात्रि पर्व अमरोहा, संभल, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, दिल्ली, हापुड़ आदि बड़े बड़े शहरों से लाखों श्रद्धालुओं के लिए आने का सिलसिला जारी है।

# अपर पुलिस आयुक्त, आगरा श्री राम बदन सिंह द्वारा थाना सदर बाजार



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगरा** में का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों, हवालात, मैस, बैरक, उउळठर कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र आदि का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही शस्त्रों के समुचित रख-रखाव एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। महिला संबंधी अपराधों में तरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण तथा थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, चार घायल, एक की हालत गंभीर

संवादाता मोहसिन रहमानी





**कांधला।** कस्बे की रेल मंडी कलोनी में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से राजू और उसका पुत्र मोनू घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से शिवम, ओम और हरिओम को चोटिल हुए है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है.जबकि राजू, शिवम और हरिओम को उपचार के बाद छुट्टी दे दी।घायल मोनू के पिता राजू ने आरोप लगाया कि शिवम ने शराब के नशे में लाठी-डंडों से हमला किया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान उनका एक दांत टूट गया, जबकि उनके पुत्र मोनू के सिर पर गंभीर चोट आई है। राजू का कहना है कि शिवम आए दिन नशे की हालत में गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर झगड़ा करने लगता है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में जमकर लाठी, डंडे चले और कॉलोनी में में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को शांत किया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, कई बाइक सवार गंभीर घायल

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में बाइक सवार कई महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।बाबरी थाना क्षेत्र के गांव भनेडाजट निवासी वतन अपनी बहन किरण, और मा रचना के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत में एक शादी समारोह में गए थे। लौटते समय उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रहे बलवा, गुजरान निवासी खुर्शीद की बाइक से गांव पंजोखरा के निकट आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी को सरकारी अस्पताल पहुंचाया ।दूसरी और गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी सूयाकांत बाइक से बागपत के कस्बा बड़ौत में अपनी मांमा के घर गया हुआ था। वापस लौटते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गाव जसाला के समीप सड़क किनारे खड़ी सेंट्रो कार से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक किसी भी मामले में थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

# नशे में धुत युवक नहर पुल से गिरा, मुस्लिम युवक की सूझबूझ से बची जान



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** कस्बे की बड़ी नहर पुल पर बैठकर शराब पी रहे एक युवक का अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को नहर से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी संदीप रविवार को अत्यधिक शराब के नशे में था। नशे के कारण वह लड़खड़ाता हुआ बड़ी नहर पुल तक पहुंच गया, जहां अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जा गिरा। गनीमत रही कि नहर में उस समय पानी नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया, हालांकि युवक को गिरने से गंभीर चोटें आईं ।सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल युवक को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर 112 पुलिस तथा एंबुलेंस कर्मियों ने पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी अस्पताल पहुंचाया ।इसी दौरान थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी समीर ने मानवता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए घायल युवक को अपने कंधों पर उठाकर लगभग 10 फीट गहरी नहर से बाहर निकाला। उनके इस साहसिक और सराहनीय कार्य की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।

# विद्यालय की छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अभियान में निकाली रैली

संवादाता मोहसिन रहमानी




**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस,इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिवस की शुरूआत स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की सफाई, प्रार्थना तथा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गायन से हुई ।इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शिविर स्थल से प्रारंभ होकर रायजादगान मोहल्ला होते हुए सूरज कुंड मंदिर तक पहुंची। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने बेटी है अनमोल उपहार,शिक्षा है उसका अधिकार,पढ़ी-लिखी बेटी घर की शान,बढ़ेगी राष्ट्र की पहचान,जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया ।प्रथम सत्र के दूसरे कार्यक्रम में छात्राओं ने घर-घर जाकर शिक्षा के महत्व को लेकर जनसंपर्क किया तथा लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया ।द्वितीय सत्र में स्त्री शिक्षा का महत्व, विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रिंसी सैनी ने कहा कि शिक्षित लड़की आत्मनिर्भर बनती है। तरन्नुम ने बताया कि इतिहास में अनेक उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने शिक्षा के बल पर ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। सबिया अंसारी ने कहा कि शिक्षा स्त्री को असंभव को भी संभव बनाने की शक्ति देती है। रुमैला ने कहा कि नारी शिक्षा पूरे परिवार और राष्ट्र को सशक्त बनाती है ।इसके अलावा महक, अरसी, आयशा, रिया, नीलाक्षी, दीपावली एवं सोनम ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।शिविर के पंचम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# आवारा पशुओं का गांव के बीच रास्ते पर तांडव।



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** रविवार को सुबह क्षेत्र के गांव बरहाना में बोबी किराना की दुकान के पास दो छुट्टू गोंवश आपस में लडते दिखाई दिये। दोनों गोंवंशो ने कुछ समय के लिए रास्ता ही बंद कर दिया ।उस समय सभी महिला-पुरुष अपने अपने सुबह-सुबह के काम निबटाने के लिए आते जाते हैं। जिन्हें काफी देर वहीं खडे होकर इंतजार करना पडा। घटना की जानकारी मिलते ही मौहल्ले के लोग लाठी डंडा लेकर आये तब कही जाकर उन्हें लडते से हटाकर भगाया गया ।तब कही जाकर मौहल्ले वालों ने चैन की सांस ली ।इन छुटटु गोंवंशो का हर गली मौहल्ले में आतंक छाया हुआ हुआ है। बच्चों को इनके डर के मारे घर से बहार नही निकलने दिया जाता है।

# औरंगाबाद में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** आखिर कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ प्रशासन रविवार को अचानक जाग उठा। नगर पंचायत की गाटा संख्या 518 की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त कराकर प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। लेकिन प्रश्न यह है कि सरकारी जमीनों पर दबंग भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे नगर पंचायत के जिन सर्वेसवाओं की शह पर धड़ाधड़ किये जा रहे हैं उनपर कार्रवाई कब होगी ? नगर पंचायत औरंगाबाद में ईदगाह रोड स्थित गाटा संख्या 518 में हाल ही में दबंग भूमाफियाओं ने नगर पंचायत के सर्वेसवाओं की शह पर अवैध निर्माण कर जबरन कब्जा कर लिया था। उस समय बेईमान सर्वेसर्वा आंखों पर पट्टी बांधे कानों में तेल डालकर सोये हुए थे। या यों कहिए कि दबंग भूमाफियाओं के हिमायती बने हुए थे। मामला मीडिया में आया तो कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन जागा और एस डी एम सदर दिनेश चंद्र के कड़े निर्देश पर रविवार को राजस्व विभाग की टीम कानूनगो सुरेंद्र भाटी के नेतृत्व में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर के साथ नगर पंचायत कर्मियों को साथ लेकर गाटा संख्या 518पर पहुंची। दबंगों के कड़े प्रतिरोध की आशंकाओं के चलते थाना प्रभारी रामनरायण सिंह मय भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पैमाइश में गाटा संख्या 518 की लगभग एक बीधा जमीन सरकारी संपत्ति पाई गई जिसपर भूमाफियाओं ने अवैध निर्माण कर लिया था। पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया और तमाम निर्माण ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान कानूनगो सुरेंद्र भाटी, अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर, थाना प्रभारी रामनरायण सिंह,लेखपाल नरेश कुमार कस्बा चौकी इंचार्ज नीटू मलिक, नगर पंचायत कर्मी नेमपाल सिंह विजय सिंह शकील अहमद छोटन खां ओमदत्त आदि मौजूद रहे। अवैध निर्माण ध्वस्त हो गया लेकिन उन सर्वेसवाओं पर कार्रवाई कब होगी जिनकी शह पर अवैध निर्माण किया गया यह प्रश्न अभी भी अधर में लटका हुआ है

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर एलम में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

संवादाता मोहसिन रहमानी




**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन बस स्टैंड स्थित ग्रीन मैरिज हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें स्वामी रामनरेश दास महाराज, दंडी स्वामी ललितानंद जी महाराज एवं भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल ने संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी रामनरेश दास महाराज ने कहा कि अनेकता में एकता बनाए रखना ही हिंदू धर्म की मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति-वर्ग में बंटने के बजाय संगठित होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजना चाहिए। हिंदू संस्कृति उदार, लोकतांत्रिक और मानवतावादी रही है ।दंडी स्वामी ललितान महाराज ने हिंदुत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट रहना होगा। उन्होंने आरएसएस की स्थापना और उसके राष्ट्रव्यापी विस्तार पर भी चर्चा की तथा सामाजिक एकता पर बल दिया ।भारतीय किसान संघ के रामपाल ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की अध्यक्षता जयकुमार पंवार ने की तथा संचालन सुबोध भारतीय ने किया ।इस अवसर पर अजय पंवार, डॉ. कृष्णपाल, ओमपाल सिंह, विनोद पंवार, बिजेंद्र रूहेला, चंद्रपाल उपाध्याय, वरुण पंवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस की कार्रवाई,अवैध छुरी सहित गिरफ्तार

संवादाता मोहसिन रहमानी




**कांधला।** क्षेत्र में अपराध व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान नाला नहर पटरी के पास से एक युवक को अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया ।पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एलम चौकी प्रभारी विपिन मलिक, हेड कांस्टेबल कर्मजीत सिंह एवं कांस्टेबल सुमित कुमार के साथ नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे ।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह युवक घबराकर मौके से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया ।पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र शौकत निवासी ग्राम असारा, जनपद बागपत बताया। पुलिस के अनुसार युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था ।रविवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा की क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

# प्रधान का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी पुलिस तमाम बिंदुओं पर कर रही जांच पड़ताल

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर/बुलंदशहर/**रविवार को सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव चित्सौन में खैरपुर रोड पर हो रही प्लाटिंग में समसपुर गांव के ग्राम प्रधान/ रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी प्रह्लाद सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने चुनावी तथा जमीनी रंजिश के चलते हुए हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। मौके पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद समेत आसपास के थानों का भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मूल रूप से छतारी थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी प्रह्लाद सिंह 66 वर्ष वर्तमान में बुलंदशहर की आवास विकास कॉलोनी में रह रहे थे। बीती 7 फरवरी की सुबह वह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा था। परिजनों ने नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करा रखी थी उधर सलेमपुर थाना पुलिस ने मृतक के पास रखे प्लास्टिक के थैले से 8335 रुपए तथा कौशांबी डिपो की एक रोडवेज बस का टिकट बुलंदशहर से अहमदगढ़ तक का मिला है। लापता होने के 11वें दिन रविवार को उनका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने खैरपुर रोड पर शव देख पुलिस को सूचना दी। शिनाख्त होने पर पता चला कि मृतक कोई और नहीं बल्कि लापता ग्राम प्रधान प्रह्लाद सिंह सूर्यवंशी हैं। सूचना मिलते ही एसपी सिटी शंकर प्रसाद कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि प्रह्लाद सिंह की हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि जमीनी रंजिश के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया है। परिजनों के अनुसार, हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को इस सुनसान इलाके में लाकर फेंक दिया गया गया हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया है कि परिजनों के आरोपों और रंजिश के पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पहासू कस्बा में निकाली महाशिवरात्रि पर्व पर महाकाल की पालकी।



वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर/** महाशिवरात्रि के महापर्व पर महाकाल की पालकी निकाली गई ।शिव मंदिर पर भगवान आशुतोष के महाश्रृंगार व विशेष आरती के बाद शिव भक्तों ने महाकाल को विधि विधान से पालकी में विराजमान कर नगर भृमण कराया। पालकी के आगे महिलाएं भोले के गीत गाती नाचती हुई चल रहीं थी। रविवार तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा ।हरिद्वार तथा अनूपशहर से गंगाजल लेकर आये कावड़ियों ने पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। महाकाल की पालकी के साथ चल रहे भक्तों पर कई स्थानों पर फूल बरसाए गए। इस मौके पर गौरव जादौन,अनुराग वैद्य,गौरव,सुदामा वर्मा,शिवम,हर्ष,दीपक, नवनीत, रोहित,बॉॉबी, मोहित ,विशाल,मीत, अंकित, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# शकूरपुर गांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष के क्रम में हो रहे हिंदू सम्मेलनों में भोजपुर खंड के शकूरपुर गांव स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुआ जिसमें आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत डॉ राजेश्वर दास जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निस्वार्थ सेवाभाव है, पराभाव को समभाव करना और राष्ट्र उन्नति की चिंता करना। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल ने कहा कि हिंदू होना स्वाभिमान व सम्मान का विषय है। हिंदू होना पूरी दुनिया को एक रास्ता दिखाने का विषय है। उन्होंने कहा की आज हिंदू होने पर हीनता दीनता ग्लानिता का भाव नहीं आता। स्वाभिमान सम्मान का और गर्व की अनुभूति होती है ऐसा वातावरण संघ की 100 वर्षों की यात्रा के अंतर्गत हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को और हिंदू परंपराओं को सबल करने का काम करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महंत योगी राजकुमार नाथ जी ने कहा कि हिंदूत्व हमारी पहचान है सम्मान है और राष्ट्र का आधार है। विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत डॉ. अशोक नाथ योगी ने भी हिंदूत्व की विशेषताएं बतलाई जिन पर हमें गर्व करना चाहिए। प्रांत संपर्क प्रमुख विजय गोयल ने राष्ट्र और समाज के लिए महत्वपूर्ण पांच परिवर्तन के विषय सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संतुलन, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से बतलाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शकूरपुर के सत्येंद्र सिंह ने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों का आना ही कार्यक्रम की सफलता बतलाया।मंच का संचालन डॉ.सुशील अहलावत ने किया।कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील राठी महासचिव सुखेंद्र मास्टर समिति के संरक्षक पुष्पेंद्र रावत,कृष्णवीर सिंह,सूरजपाल प्रधान,उपाध्यक्ष बबलू चेयरमैन,गौरव राठी, प्रिन्स राठी, सुनील खेड़ा, पिंकी राठी, अमरजीत प्रधान,मनोज प्रधान,पवन खरब,खंड कार्यवाह सुनील,प्रिंसिपल भारती त्यागी,डॉ अमित नेहरा,पवन शर्मा,राजू प्रधान,गौतम मलिक,अतुल तेवतिया,अंकित त्यागी,सचिन प्रधान,प्रवीण सेन,कपिल त्यागी विशेष त्यागी,मनोज सैनी,सुंदर,मनोज शर्मा अनुज त्यागी, सतीश बखरवा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष सुनील राठी व महासचिव सुखेंद्र मास्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# आइफा की विद्यार्थियों ने पुलवामा हमले के शहीदों के चित्रों की वृहत पेंटिंग बनाकर याद किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स संस्थान में शनिवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों की स्मृति में आईफा के करीब 150 छात्राओं में प्रत्येक शहीद जवानों के चित्र( आकृति) बनाकर 150 मीटर लंबी वृहद पेंटिंग बनाकर उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ आईफा के सभी छात्र-छात्राओं ने सड़क पर बैठकर उन सभी शहीदों के चित्रों को बड़े व लंबे पेपर पर वृहत पेंटिंग बनाई। इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज होती रहीं इस दौरान मेरठ के प्रसिद्ध सिंगर समीर खान मेरठी ने देशभक्ति गीत ₹ मेरा रंग दे बसंती चोला ₹ देशभक्ति गीत गाकर देशभक्ति की गूंज से वातावरण सरोवर हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र छात्राएं, स्थानीय नागरिकों भाग लेकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने कहा कि देश कभी भी पुलवामा के अमर शहीदों का बलिदान नहीं भूल सकते। हमारे सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उनके सम्मान एवं परिवारों के प्रति संवेदनशील रहे, इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने देश की सुरक्षा और एकता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर भाजपा नेता प्रदीप बॉस, आर.सी शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, दीपांशु, प्रशांत झा, पलक अत्रेय, शीतल रानी,स्वीटी, आभा शर्मा, गीता घोष, अक्षिता वर्मा, उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी गर्ल्स मोदी पीजी कॉलेज में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। गिन्नी देवी गर्ल्स मोदी पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा जी के नेतृत्व में ह्यनगर खेल कुंभह्व के अंतर्गत भव्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इंचार्ज अंकिता त्यागी, अभाविप प्रांत सह मंत्री कु. अंजलि मिश्रा जिला संयोजिका शालू सिंह एवं नगर मंत्री रोहन सिंह की विशेष उपस्थिति रही। मैच का सफल संचालन मुख्य ऑफिशियल्स अंशुल चौधरी और प्रकाश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में आशु, राघव भारद्वाज सहित अन्य कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चोरी हुई 36 बोरी गेहूं सहित 4 शातिर चोर गिरफ्तार, टाटा ऐस बरामद

वेलकम इंडिया



**जहाँगीराबाद।** स्वाट टीम व कोतवाली जहांगीराबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 04 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 36 बोरी गेहूं तथा चोरी किये गेहूं को लादकर ले जाने वाली टाटा ऐस वाहन को बरामद किया है जानकारी के अनुसार आरोपियों को ग्राम पीपेरा रोड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 36 बोरी गेहूं तथा टाटा ऐस गाड़ी संख्या वढ 16 एफ टी 7078 बरामद हुई है, जिसका उपयोग चोरी की वारदात में किया गया था। बता दें कि बीती 7 फरवरी 2026 को कोतवाली क्षेत्र में स्थित मुन्ना जी एंड सन्स फर्म से गेहूं की बोरियां चोरी हुई थीं। इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 53/26 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घटना का खुलासा कर सभी आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जबर सिंह, उदयवीर सिंह, रंजीत निवासी गांव नट नगला, थाना जहांगीराबाद तथा बंटी निवासी कासना की मडैया, थाना कासना, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी जबर सिंह, उदयवीर सिंह और रंजीत के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके शातिर अपराधी होने की पुष्टि होती है। थाना जहांगीराबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार ने बताया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने कमेटी की घोषणा की



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,**( अनिल वशिष्ठ)। मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अंकुर त्यागी ने अपनी कमेटी की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की व कार्यक्रम का संचालन अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव ने किया। आलोक चौधरी को महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कमेटी में छह उपाध्यक्ष बनाए गए कपिल त्यागी, आर्यन ठाकुर, रवि डागर, चिरायु शर्मा, अरविंद खुराना, नितिन डागर रहे। महासचिव पद पर अंकित त्यागी, कृष्णा ठाकुर, यासीन अली, अनूप चौधरी, हर्षित त्यागी, अक्षय सैनी, की नियुक्ति हुई। सचिन कुमार को कोष अध्यक्ष बनाया गया। सचिव पद पर अक्षय सैनी, राघव गर्ग, देशराज ठाकुर, जॉनी जाटव, संजय वाल्मीकि, आर्यन खुराना, सोलोमन त्यागी, की नियुक्ति की गई।

# घरेलू सहायिका को लाखों के जेवरात चोरी करने के मामले में किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक घरेलू सहायिका को एक घर से लाखों के जेवरात चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेवरात बरामद कर किए हैं सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा ने बताया कि हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी विजय प्रताप सिंह ने थाने में 14 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी माता के निधन के बाद घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका ने जेवरात और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घर में लगे कैमरों के आधार पर घरेलू सहायिका स्वाति को रविवार को विजयनगर कॉलोनी से गिरफ्तार किया। स्वाति पिछले आठ साल से इस परिवार के यहां काम कर रही थी, जिससे घरवालों का उस पर पूरा भरोसा था।

पूछताछ में महिला ने बताया कि विजय प्रताप सिंह की मां के निधन के दौरान उसे मौका मिला और उसने घर में रखे जेवरात चोरी कर लिए। उसने स्वीकार किया कि उस पर काफी कर्ज था और बेटी की शादी की जिम्मेदारी भी थी, जिसके कारण उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी महिला की निशानदेही पर चोरी किए गए सभी जेवरात बरामद कर लिए गए हैं।

# अमरोहा में कांवड़ियों की सेवा के लिए लगाया गया डिबाई के शिव भक्तों द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर

वेलकम इंडिया



**अमरोहा।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की सेवा और स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से अमरोहा जनपद के रहरा कस्बे में 13 व 14 फरवरी को दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फिजियोथैरेपी के छात्रों और वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों कांवड़ियों को निःशुल्क उपचार और परामर्श प्रदान किया। शिविर का संचालन वरिष्ठ डॉक्टर शिवम के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान मंगलायतन यूनिवर्सिटी के बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी) के छात्र अनुराग सौरभ, सोनू कुमार, आयुष सिंह, जयसिंह गुप्ता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सेवाएं दीं। छात्रों ने थके हुए और शारीरिक पीड़ा से जूझ रहे कांवड़ियों को फिजियोथैरेपी के माध्यम से राहत पहुंचाई। कांवड़ यात्रा के दौरान लंबी दूरी पैदल तय करने के कारण श्रद्धालुओं को पैरों में सूजन, मांसपेशियों में खिंचाव, कमर दर्द और कंधों में जकड़न जैसी समस्याएं होती हैं। ऐसे में रहरा में लगाए गए इस दो दिवसीय शिविर ने कांवड़ियों के लिए राहत का कार्य किया। शिविर में विशेष रूप से मांसपेशियों की स्ट्रेचिंग, मसाज थेरेपी, दर्द निवारक व्यायाम और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

मंगलायतन यूनिवर्सिटी के बीपीटी छात्र अनुराग सौरभ ने बताया कि यह उनके लिए एक सीखने और समाज सेवा का अनूठा अवसर है। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा कर उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई।

# ओबीसी आरक्षण के नाम पर पंचायत चुनाव टालना लोकतंत्र और संविधान की भावना के विरुद्ध - ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को ओबीसी आरक्षण के नाम पर बार-बार डालने पर उनका संगठन गहरी चिंता व्यक्त करता है। संविधान के 73वें संशोधन के अनुसार पंचायतो का कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित है। इसके बावजूद चुनाव में अनावश्यक देरी करना संविधान की मूल भावना ,लोकतंत्र, और ग्राम स्वराज की अवधारणा पर सीधा प्रहार है। सरकार को यह पहले से ज्ञात था। कि पंचायत चुनाव समय पर होने हैं। फिर भी ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया समय रहते पूरी क्यों नहीं की गई। क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वह चुनाव से पहले सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ले। चुनाव टालकर पंचायतो को प्रसाशको के भरोसे छोड़ देना ग्रामीण लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। जनगणना व अन्य प्रक्रियाएं चुनाव के बाद भी हो सकती थी फिर भी चुनाव टालना क्यों आवश्यक समझा गया। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ओबीसी आरक्षण ₹ ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ला ₹ के अंतर्गत किया जाए परंतु सरकार ने इस दिशा में समय पर गंभीरता नहीं दिखाई। साथ ही इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया का दायित्व स्वतंत्र और समयबद्ध चुनाव करना है। जिससे लोकतंत्र की निरंतरता बनी रहे। लेकिन अगर सरकार से आरक्षण की प्रक्रिया में देरी हुई है तो उसका खामियाजा पंचायते और जनता क्यों भुगते चुनाव समय पर क्यों नहीं होने चाहिए। समय पर चुनाव कराना संवैधानिक जिम्मेदारी है। इसमें सरकार की लापरवाही बहाना नहीं बन सकती गलती सरकार की है और सजा पंचायतों को मिले यह गलत है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है। कि चुनाव में देरी सिर्फ बहुत असाधारण स्थिति में हो सकती है। लेकिन सरकार की यह लापरवाही कोई कारण नहीं। मतलब अगर सरकार सोती रही तो लोकतंत्र को नहीं रोका जा सकता। क्योंकि इससे पंचायतो का बहुत बड़ा नुकसान है। जैसे कि गांव की चुनी हुई सरकार नहीं रहती। अफसर राज चलता है। विकास रुकता है। भ्रष्टाचार बढ़ता है। जनता की आवाज खत्म हो जाती है।

# महाशिवरात्रि पर शुजागंज बाजार में धूमधाम से निकली भव्य शिव बारात

वेलकम इंडिया फतेह खान





**रूदौली अयोध्या** रूदौली क्षेत्र के शुजागंज बाजार में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य शिव बारात बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शिवभक्तों ने बाबा भोलेनाथ की झांकियों के साथ भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और पूरा वातावरण ह्हर-हर महादेवह्व के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शिव बारात की शुरूआत स्थानीय शिव मंदिर से हुई, जो मीनापुर होते हुए मानपुर मोड़ से होकर पुनः मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक झांकियां और डीजे की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल लोकेश, अभिषेक रावत एवं रवीश ने पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्था संभालते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया।महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर निकली शिव बारात ने क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

# शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/**शहीद सम्मान समारोह शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर में अवाम विकास मंच के माध्यम से शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गांव सलेमपुर के सभी 07 शहीद परिवार जनों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर भाकियू के नेता दीपक चौधरी को भी सम्मानित किया गया भाकियू नेता दीपक चौधरी ने बताया कि मेरे दादाजी शहीद मेघराज सिंह ने सन 1965 में भारत पाकिस्तान के युद्ध में अपने अदम साहस,, वीरता एवं रण कौशल से दुश्मन के दांत खट्टे करके अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था।

# आस्था का सागर उमड़ा: महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद।** आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर पूरी तरह शिवमय नजर आया। प्राचीन और प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मंदिर में आधी रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। तड़के सुबह तक मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। हाथों में जल, बेलपत्र और दूध लिए श्रद्धालु ६हर-हर महादेव६ के जयघोष के साथ अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त पहुंचे। व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग की गई है ताकि श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से दर्शन कर सकें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है। मंदिर और आसपास के इलाकों में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र पर पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। इस दौरान मंदिर के महंत श्री नारायण गिरी महाराज ने हमारे संवाददाता से बातचीत में कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन का पर्व है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक और संयम के साथ दर्शन करने की अपील की तथा कहा कि शिव की कृपा से सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा गाजियाबाद भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है और दूधेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ा यह जनसैलाब शहर की आस्था और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक बन गया है।

## पुलिस मुठभेड़: दो बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में गोली

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। दोनों आरोपी दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की बाइक और एक तमंचा बरामद किया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के अनुसार थाना पुलिस रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान लिंक रोड की ओर से बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और तेज गति से भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर घायल आरोपी और उसके साथी को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम रोहित पांचाल निवासी न्यू मॉडल शाहदरा, थाना मानसरोवर पार्क, दिल्ली बताया, जबकि उसके साथी ने अपना नाम निखिल सागर उर्फ नीश निवासी न्यू मॉडल शाहदरा, दिल्ली बताया। पुलिस के अनुसार रोहित पांचाल के खिलाफ गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में लूट और चोरी के छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसने अपने साथी के साथ जनवरी माह में शनि चौक चौकी तथा राजेंद्रनगर क्षेत्र में मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सिरी फोर्ट ट्रेल रन 2.0 सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया






**नई दिल्ली,** 15 फरवी 2026 – सिरी फोर्ट ट्रेल रन 2.0 का सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। एशियन चैंपियन डॉ. सुनीता गोडारा ने झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ट्रेल रन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी का एक ही लक्ष्य था स्वस्थ भारत सशक्त भारत। आयु वर्ग में शीर्ष 3 पुरुष और 3 महिला धावकों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में भूमि नेगी ने 10 किलोमीटर में पहला स्थान प्राप्त किया।

सिरी फोर्ट ट्रेल रन अपने दूसरे संस्करण के साथ वापस आ गया है। दौड़ते समय शांत और सुंदर हरे-भरे वातावरण का प्रतिभागियों ने आनंद लिया। इस आयोजन का संचालन दिल्ली विकास प्राधिकरण के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को मेडल और रिफरेशमेंट दिया गया। डॉ सुनीता गोडारा एक लेजेंडरी भारतीय मैराथन रनर हैं जिन्होंने एशियन मैराथन में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह सिर्फ एक चैंपियन ही नहीं, बल्कि कई युवा रनर्स के लिए एक प्रेरणा और मोटिवेटर भी हैं। तीन दशकों से अधिक के करियर में, डॉ गोडारा ने 1,30,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की है और 76 फुल मैराथन और 123 हाफ मैराथन सहित 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय दौड़ों में भाग लिया है। उनकी उपलब्धियों ने उन्हें राजीव गांधी अवार्ड फॉर पीस एंड सोशल डेवलपमेंट, वुमन सोशल एंटरप्रेन्योर अचीवर अवार्ड, और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हैं। उन्होंने एक एशियन मैराथन चैंपियन के रूप में भारत में रनिंग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की हैं। उन्होंने एलिट भारतीय रनर्स के साथ काम किया है, अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करके उन्हें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद की है। रनिंग के प्रति उनका जुनून संक्रामक है, और उन्होंने कई लोगों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया है

## महिलाओं सहित 50-60 लोगों के घायल होने का दावा, एक महिला गंभीर रूप से घायल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हिंदू मीरपुर गांव में रविवार दोपहर डंपिंग ग्राउंड के विरोध को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और दोनों पक्षों के बीच टकराव की नौबत आ गई। ग्रामीणों के अनुसार किसान लंबे समय से प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे हैं। रविवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच कहासुनी शुरू हो गई। किसानों ने पुलिस पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का दावा है कि लाठीचार्ज में 50 से 60 किसान और महिलाएं घायल हो गईं। एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक ग्रामीण का कूल्हा टूटने का आरोप लगाया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## ठाकुरद्वारा से दौलतपुरा पुल तक बनेगी डेंस रोड

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ठाकुरद्वारा से दौलतपुरा पुल तक जीटी रोड पर डेंस रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग तथा शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा रविवार को किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर डेंस रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 4 करोड़ 35 लाख रुपये है। साथ ही ठाकुरद्वारा पुल की मरम्मत भी की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य शहर के विकास को नई गति देगा और क्षेत्र के चतुमुर्खी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बताया कि बेहतर सड़क व्यवस्था से व्यापार, आवागमन और स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि शहर की हर समस्या का समाधान करना उनका परम कर्तव्य है। परियोजना को क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए कहा गया कि इसके पूरा होने पर यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी तथा शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई जलालपुर गांव में बना उत्सव जैसा माहौल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र के जलालपुर गांव में शनिवार दोपहर उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया जब गांव का एक युवक अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से विदा कराकर घर लेकर पहुंचा। हेलीकॉप्टर के गांव में उतरते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ इसे देखने के लिए जमा हो गई। जलालपुर निवासी किसान ओमकार सिंह के पुत्र तुषार, जो खेती के साथ प्रॉपर्टी का काम भी करते हैं, का विवाह शुक्रवार को मेरठ के रसूलपुर क्षेत्र की युवती के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के अगले दिन तुषार अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेकर गांव पहुंचे, जिससे यह विदाई पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। तुषार ने बताया कि उनके स्वर्गीय दादा की इच्छा थी कि उनके पोते की दुल्हन हेलीकॉप्टर से घर आए। दादा की इस इच्छा को सम्मान देने के लिए उन्होंने यह विशेष व्यवस्था की। हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए गांव में उनके खेत में अस्थायी हेलीपेड तैयार किया गया था। हेलीकॉप्टर के उतरते ही ग्रामीणों, बच्चों और आसपास के गांवों से आए लोगों में उत्साह देखने को मिला। लोग इस अनोखी विदाई को अपने मोबाइल फोन में कैद करते नजर आए। गांव में यह शादी लंबे समय तक चर्चा का विषय बनी रहेगी।


## पुलिस ने वाहन हटवाकर यातायात कराया सुचारू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड पर आरडीसी के सामने रविवार तड़के तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो युवक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक कार हापुड़ तिराहे की ओर से आ रही थी। आरडीसी के सामने पहुंचते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटकर सड़क पर घिसटती चली गई। हादसे के समय सड़क पर यातायात कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर कविनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कार को सीधा कर सड़क किनारे कराया गया और यातायात को सामान्य कराया गया। हादसे के कारण कुछ समय तक दोनों लेनों में वाहनों की गति प्रभावित रही। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि कार में अवंतिका निवासी श्याम यादव और हिमांशु यादव सवार थे। दोनों को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई है। प्राथमिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है।

## डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस ने वरसाई लाठियां









अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना ट्रॉनिका सिटी इलाके के मीरपुर हिंदू गांव में डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। गांव के लोगो वहां बन रहे डंपिंग ग्राउंड के विरोध में धरने पर बैठे थे। पुलिस ने उन्हें हटने को कहा तो वह नहीं हटे। इस दौरान पुलिस और गांव वालों के बीच कहासूनी हुई और पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्रान्तर्गत कुछ लोगों द्वारा डंपिंग ग्राउंड में सरकारी कार्य में बाधा डालकर डंपिंग ग्राउंड का गेट तोड़ने का प्रयास किया गया जिसमें तत्काल मौके पर पुलिस द्वारा उनको रोका गया । एक महिला के संबंध में मिथ्या अफवाह फैलायी गई है।

## कौशांबी सूर्य लाइन में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कौशांबी सूर्य लाइन क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल की पार्षद निधि से कराया जा रहा है। कार्य का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी एवं प्लॉट एरिया के संरक्षक देवेंद्र भार्गव तथा बी.एस. तोमर द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर पार्षद ने क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अरोड़ा ने कौशांबी क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर मुनेश चौहान, उर्मिला अरोड़ा, संजय गुप्ता, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, एस.के. सिंह, मुकेश कुमार, अंशु प्रेम गोयल, आर.के. बंसल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई है।